भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 20
सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

जनजातीय समुदाय के असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा

20. श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश के रतलाम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के झाबुआ-अलीराजपुर जिले सहित जनजातीय समुदाय और दूर-दराज के क्षेत्रों के असंगठित श्रमिकों को अभी तक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर अब तक पंजीकृत श्रमिकों की संख्या और व्यवसाय-वार संख्या कितनी है; और

(ग) पंजीकृत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और इससे अब तक कितने श्रमिक लाभान्वित हुए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने प्लेटफार्म कामगारों, प्रवासी कामगारों आदि सहित असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) बनाने के लिए दिनांक 26 अगस्त, 2021 को ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) का शुभारंभ किया। ई-श्रम पोर्टल गिग और प्लेटफार्म कामगारों सहित असंगठित कामगारों को पंजीकृत करता है और उन्हें स्व-घोषणा के आधार पर एक सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) प्रदान करता है।

ई-श्रम पोर्टल पर 31.78 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों को पहले ही पंजीकृत किया जा चुका है, जिसमें अलीराजपुर जिले में 82,230 पंजीकरण और रतलाम संसदीय क्षेत्र के झाबुआ जिले में 1,27,139 पंजीकरण शामिल हैं।

जारी...2/-

ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत रतलाम निर्वाचन क्षेत्र के झाबुआ और अलीराजपुर जिलों के लिंग-वार और व्यवसाय-वार असंगठित कामगारों का ब्यौरा संलग्नक-I और संलग्नक-II में है।

असंगठित कामगारों के लिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु ई-श्रम को 'वन-स्टॉप-सॉल्यूशन' के रूप में विकसित करने की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के विज़न के अनुरूप, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को ई-श्रम–"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" का शुभारंभ किया। ई-श्रम–"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक सुरक्षा/कल्याणकारी योजनाओं का एक ही पोर्टल अर्थात ई-श्रम पर एकीकरण किया गया है। यह ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंचने और ई-श्रम के माध्यम से अब तक उनके द्वारा प्राप्त किए गए लाभों को देखने में सक्षम बनाता है।

अब तक, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की पंद्रह (15) योजनाओं को ई-श्रम के साथ एकीकृत/मैप किया जा चुका है, ताकि ई-श्रम कार्डधारकों को सामाजिक सुरक्षा, बीमा या कौशल विकास कार्यक्रमों का लाभ और पहुंच प्रदान की जा सके, जिनमें प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम-स्वनिधि), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी - जी आरएएम जी), प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई - जी), आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) आदि शामिल हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, ई-श्रम, नौकरी के अवसरों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस), कौशल विकास के लिए स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), पेंशन के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) और एमओएचयूए के कन्वर्जेंस पोर्टल के साथ जुड़ा हुआ है।

ई-श्रम पोर्टल पर रतलाम निर्वाचन क्षेत्र के झाबुआ और अलीराजपुर जिलों से पंजीकृत और विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत नामांकित असंगठित कामगारों का ब्यौरा संलग्नक-III में है।

***

संलग्नक-I

"जनजातीय समुदाय के असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा" के संबंध श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 20 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

दिनांक 13 जुलाई 2026 तक की स्थिति के अनुसार, रतलाम निर्वाचन क्षेत्र के झाबुआ और अलीराजपुर जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत लिंग-वार, असंगठित कामगारों का ब्यौरा।

लिंग	**अलीराजपुर**	**झाबुआ**
महिला	38,626	59,829
पुरुष	43,604	67,310
कुल	**82,230**	**1,27,139**

संलग्नक- II

"जनजातीय समुदाय के असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा" के संबंध श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 20 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

दिनांक 13 जुलाई 2026 तक की स्थिति के अनुसार, रतलाम निर्वाचन क्षेत्र के झाबुआ और अलीराजपुर जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत व्यवसाय-वार असंगठित कामगारों का ब्यौरा।

क्र. सं	**व्यवसाय क्षेत्र**	**अलीराजपुर**	**झाबुआ**
1.	कृषि	66,405	99,102
2.	परिधान (अपैरल)	1,660	1,978
3.	ऑटोमोबाइल और परिवहन	1,372	2,031
4.	बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा	7	15
5.	ब्यूटी एंड वेलनेस	226	318
6.	पूँजीगत वस्तुएं और विनिर्माण	787	1675
7.	सन्निर्माण	2,245	7,171
8.	घरेलू और पारिवारिक कामगार	875	1,167
9.	शिक्षा	346	722
10.	इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर(एचडब्ल्यू)	1,789	5,022
11.	खाद्य उद्योग	255	559
12.	रत्न और आभूषण	189	216
13.	कांच और चीनी मिट्टी (सेरामिक्स)	16	36
14.	हस्तशिल्प और कालीन	107	205
15.	स्वास्थ्य सेवा	2,226	1,310
16.	चमड़ा उद्योग कार्य	436	1,295
17.	खनन	46	107
18.	विविध/प्रकीर्ण	1,615	1,997
19.	वाद्य यंत्र	14	33
20.	कार्यालय प्रशासन और सुविधा प्रबंधन	460	562
21.	संगठित खुदरा (रिटेल)	7	20
22.	मुद्रण (प्रिंटिंग)	94	198
23.	निजी सुरक्षा	82	54
24.	पेशेवर (प्रोफेशनल्स)	143	485
25.	खुदरा (रिटेल)	329	314
26.	सेवा	171	56
27.	टेक्सटाइल और हैंडलूम	21	23
28.	तंबाकू उद्योग	17	9
29.	पर्यटन और आतिथ्य	261	397
30.	लकड़ी और बढ़ईगीरी	29	62
	कुल पंजीकरण	**82,230**	**1,27,139**

संलग्नक-III

"जनजातीय समुदाय के असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा" के संबंध श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 20 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

दिनांक 13 जुलाई 2026 तक की स्थिति के अनुसार, रतलाम निर्वाचन क्षेत्र के झाबुआ और अलीराजपुर जिलों से ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत और विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत नामांकित असंगठित कामगारों का ब्यौरा।

योजनाएं	**अलीराजपुर में नामांकन**	**झाबुआ में नामांकन**
वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी)	68,699	1,11,247
प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि)	669	1,009
विकसित भारत-रोजगार के लिए गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीआरएएमजी)	29,294	49,080
प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी)	1,208	2,483
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस)	16	60
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस)	37	120
प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू)	241	134
प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई)	9	17
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)	6,707	7,920
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)	26,059	42,489
आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई)	39,320	71,158
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम- किसान)	13,208	2,0761
प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)	2,770	2,302

****